PODAR

Nurturing The Future. Since 1927.

R. N. PODAR SCHOOL

CHANGEMAKER SCHOOLS

TEST SERIES-02 **DATE :14 .01.2019**

(2018-2019)

ASS : X **TIME ALLOWED : 3Hours**

JECT : HINDI **MAXIMUM MARKS : 80**

- इस प्रश्न पत्र में चार खंड है- क, ख, ग और घ।
- चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश ः दीजिए।

खंड 'क'

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(9)**

छात्र राष्ट्र की संपत्ति है। देश की उन्नति उन्ही पर निर्भर है। इसलिए उन्हें देश के कर्णधार कहा गया है। छात्र जीवन में कुछ करने की इच्छा तथा जोश होता है। देश के जितने भी महान नेता तथा धार्मिक पुरूष हुए हैं वे सब अपनी छात्र अवस्था में ही बन गये थे। छात्रों मे सामर्थ्य होता है। यदि उनका मार्गदर्शन किया जाये तो निश्चय ही अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेते हैं। इतिहास इस बात का गवाह है कि छात्रों में अनंत शक्ति होती है। आज बर्मा में छात्र ही तो आंदोलन चला रहे हैं जिनके कारण अब तक तीन राष्ट्राध्यक्ष बदले जा चुके हैं।

भारतीय संस्कृति में मानव जीवन को चार भागों में बॉटा गया है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास। ब्रह्मचर्य से तात्पर्य यही था कि छात्र ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए संयम का अभ्यास करे। इस काल में वे अपनी मानसिक बौद्धिक और शारीरिक शक्तियों का विकास करें। इस अवस्था के पश्चात् जब वे गृहस्थ आश्रम में प्रवेश करें तो अपना व्यवसाय या कार्य जो कुछ भी करना चाहते हैं उसके वे योग्य हों। प्राचीन समय के हिसाब से छात्र पढना लिखना ही नही सीखता था बल्कि व्यायाम, खेल और योग के द्वारा अपनी शारीरिक शक्तियों का भी विकास करता था।

) छात्रों को देश का कर्णधार क्यों कहा गया है ? **2**

) ब्रह्मचर्य से क्या तात्पर्य है? **2**

) प्राचीन समय में भारतीय छात्र पढ़ने और लिखने के अतिरिक्त क्या-क्या करते थे ? **2**

) मानव जीवन को किन चार भागों में बॉटा गया है? **2**

) छात्रों को किसकी संपत्ति कहा गया है? **1**

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः **(6)**

भाग्यवाद आवरण पाप का
और शस्त्र शोषण का
जिससे रखता दबा एक जन
भाग दूसरे जन का।

Scanned by CamScanner

पूछो किसी भाग्यवादी से
यदि विधि अंक प्रबल है?
पद पर क्यों देती न स्वयं
वसुधा निज रतन उगल है ?
उपजाता क्यों विभव प्रकृति को
सींच सींच वह जल से।
क्यों न उठा लेता निज संचित
कोप भाग्य के बल से ?
एक मनुष्य संचित करता है
अर्थ पाप के बल से
और भोगता उसे दूसरा
भाग्यवाद के छल से।
नर समाज का भाग्य एक है
वह श्रम वह भुज बल है।
जिसके सम्मुख झुकी हुई
पृथ्वी विनित नभ तल है।

(क) कविता में धरती को किस प्रकार स्वर्ग बनाया जा सकता है?

(ख) भाग्यवाद का सहारा कौन लेते है ?

(ग) उदयमी नर को कौन नमन करता है?काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

खंड 'ख'

3 शब्द और पद में अंतर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

4 (क) रचना की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए।
जो सोता है वह खोता है।

(ख) निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए।
i नीली साड़ी वाली लड़की को बुलाओ। (मिश्र वाक्य में)
ii बच्चा दौड़कर मॉ के पास गया। (संयुक्त वाक्य में)

5 (क) समास विग्रह कर समास का भेद बताइए।
त्रिभुवन , कुसुमकोमल

(ख) समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए।
मन से चाहा, देश और विदेश

Scanned by CamScanner

निम्नलिखित वाक्यों को शुदध कीजिए। 4

i वह हाथ जोडकर माफी मागॉ।

ii तुम तुम्हारी पुस्तक पढ़ो।

iii वच्चों से काम जवरदस्ती किया गया।

iv गत रविवार वह मुम्वई जायेगा।

निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 2

i आपा खोना

ii छाती पर सॉप लोटना

खंड 'ग'

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (25)

'वडे भाई साहव' पाठ के आधार पर बताइए कि बडे भाई साहब अनुभव को महत्त्वपूर्ण सिद्ध करने के लिए कौन कौन से उदाहरण देते है? 2

लोग अपने अपने मकानों व सार्वजनिक स्थलों पर राष्टीय झंडा फहराकर किस बात का संकेत देना चाहते थे? 2

तत़ॉरा की तलवार के वारे में लोगों का क्या मत था? 1

रूढियॉ जव बंधन वनने लगे तो उनका टूट जाना ही अच्छा है। 'तत़ॉरा वामीरो' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 5

कस्तूरी कहॉ वसती है और हिरण उसे कहॉ ढूंढता है? 2

मीरा ने श्री कृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है? 2

'विहारी के दोहे' में छॉहों चाहत छॉह से क्या अभिप्राय है? 1

'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए। 5

ठाकुरबारी के प्रति गॉव वालों के मन में क्या श्रद्धा के भाव थे तथा उससे उनकी किस मनोवृति का पता चलता है? 5

'खंड घ'

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। (25) 5

आज का युवा संसार

- युवाओं में साहस व शक्ति
- जागरूकता
- देश के प्रति प्रेम

Scanned by CamScanner

ii भारत में बाल मजदूरी की समस्या

- विश्वव्यापी समस्या के रूप में बाल मजदूरी
- क्रूरता
- कानून और जागरूकता

iii संयुक्त परिवार

- आज की आवश्यकता
- युवा पीढ़ी को रिश्तों का ज्ञान
- अच्छे संस्कारों का ग्रहण

14 आप के विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी पत्र पत्रिकाओं का अभाव है। हिंदी की पत्रिकाओं व साहित्य मॅगवाने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। 5

15 विद्यालय परिसर के बाहर अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक वस्तुएँ बेची जाती हैं। विद्यालय के छात्र सचिव के रूप में इन चीजों से दूर रहने की सलाह देते हुए एक सूचना पत्र लिखिए। 5

16 सडकों पर फैली गंदगी के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को 50 से 60 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए। 5

17 विद्यालय की कलाविथि में कुछ चित्र (पेंटिंग्स) बिक्री के लिए उपलब्ध है। इस संबंध मे 50 से 60 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

Scanned by CamScanner